# बीएचईएल को 'आईसीएमएआई एक्सेलेन्स इन कॉस्ट मैनेजमेंट अवार्ड 2024' से सम्मानित किया गया




नई दिल्ली, 25 जून: भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) को 'मैन्युफैकचरिंग-पब्लिक-मेगा' श्रेणी में प्रतिष्ठित 'आईसीएमएआई नेशनल अवार्ड फॉर एक्सेलेन्स इन कॉस्ट मैनेजमेंट अवार्ड 2024' से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार BHEL के निदेशक (वित्त) श्री राजेश कुमार द्विवेदी ने श्री भर्तृहरि महताब, माननीय सांसद, लोकसभा और वित्त संबंधी स्थायी समिति के अध्यक्ष से विज्ञान भवन, नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में प्राप्त किया।

लागत प्रबंधन में उत्कृष्टता के लिए यह राष्ट्रीय पुरस्कार भारतीय लागत लेखाकार संस्थान (आईसीएमएआई) द्वारा लागत प्रबंधन में असाधारण पेशेवर विशेषज्ञता और अभिनव उपकरणों और तकनीकों को लागू करने में उत्कृष्ट नेतृत्व को मान्यता देने के लिए प्रदान किया जाता है। इस पुरस्कार का उद्देश्य भारतीय कॉर्पोरेट क्षेत्र में व्यापक पैमाने पर लागत प्रबंधन पद्धतियों की संस्कृति को बढ़ावा देने के प्रयासों को सम्मानित करना है।

यह उपलब्धि बीएचईएल के लिए एक महत्वपूर्ण माइलस्टोन है, क्योंकि यह प्रतिष्ठित मान्यता सतत विकास और परिचालन उत्कृष्टता के लिए लागत प्रबंधन को एक रणनीतिक आधारशिला के रूप में शामिल करने के लिए बीएचईएल की अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है।

उन्नत लागत प्रबंधन प्रथाओं का लाभ उठाकर, बीएचईएल रणनीतिक निर्णय लेने को मजबूत करना, संसाधन आवंटन को अनुकूलित करना और परिचालन प्रदर्शन को बढ़ाना जारी रखता है। यह पुरस्कार न केवल लागत नवाचार में कंपनी की उपलब्धियों को सम्मानित करता है, बल्कि सभी हितधारकों के लिए रणनीतिक लागत प्रबंधन, कॉर्पोरेट प्रशासन, पारदर्शिता और दीर्घकालिक मूल्य सृजन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि भी करता है।